सचिवालय का घेराव कर उसमें जबरन प्रवेश करने की कोशिश की जाएगी। इस प्रदर्शन में राज्यभर के 5000 आयुष चिकित्सकों के शामिल होने की उम्मीद है।

दूसरी ओर बिहार आयुष मेडिकल एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. मधुरेंदु पांडेय ने कहा कि सरकार को आयुष चिकित्सकों की बहाली पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। कॉलेजों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की जाए।

पटना ट्रेनिंग कॉलेज में परिचर्चा आयोजित

पटना। पटना विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय-स्नातकोत्तर विभाग में सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत पटना ट्रेनिंग कॉलेज में परिचर्चा से हुई। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आशुतोष कुमार, शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. जेस्सी सुशील मोदी, निर्णायक मंडली में पाटलिपुत्रा विवि की डॉ. तनुजा एवं अमिटी विवि की डॉ. श्वेता चंद्रा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर डॉ. मुक्ता मणि, नाहिदा जमाल, राज लक्ष्मी मौजूद थीं। डॉ. तनुजा और डॉ. श्वेता चंद्रा को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में डॉ. ऋषिकेश बहादुर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

PR No

#Bih